कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम,
बुलन्दशहर

पंत्राकः– २८०५ /वि0वि0मं0प्र0बु0/विज्ञापन/निविदा दिनॉकः– 13/01/२०२२

विषय :–विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु आदेश।

विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला
दिल्ली संस्करण।

विज्ञापन व्यवस्थापक,
हिन्दुस्तान,
मेरठ, संस्करण।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र में दिनांक 15.01.2022 तक/में कम से कम स्थान में दो कॉलम साईज में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैंडिग के नीचे का नाम व पता यथासंभव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें। विज्ञापन के शीर्ष में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 का मोनोग्राम एवं सबसे नीचे इस आदेश की संख्या एवं दिनांक भी छोटे से छोटे साईज में आवश्य प्रकाशित करायें।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचनायें जैसे बिजली बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचना, बिजली बिलों के संबध में सूचना आदि का प्रकाशन यथासम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर कराने की व्यवस्था करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियॉ संलग्न करते हुए भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक,पश्चिमांचल विघुत वितरण निगम लि0, मेरठ को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान संभव नहीं होगा ।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा संबधित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा ।
5. यदि आपको सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन दृष्य प्रचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा स्वीकृत विज्ञापन दरें स्वीकार न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें ।
6. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में "राष्ट्हित में बिजली बचायें" का नारा अवश्य प्रकाशित करें ।
7. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढ़ग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में निगम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है ।

*संलग्नक :–उपरोक्तानुसार*

1. विज्ञापन सामग्री।

अधीक्षण अभियन्ता
अधिक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल प्रथम
बुलन्दशहर

पंत्राकः– २८०५ /वि0वि0म0प्र0बु0/विज्ञापन/निविदा दिनॉकः–13/01/२०२२

प्रतिलिपि निम्नलिखित को विज्ञापन सामग्री सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विघुत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
2– मुख्य अभियन्ता (वि0) बुलन्दशहर क्षेत्र, बुलन्दशहर।
3– अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय/वितरण खण्ड–बुलन्दशहर/खुर्जा, बुलन्दशहर।
4– कैशियर, विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम, बुलन्दशहर।

अधीक्षण अभियन्ता
अधिक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल प्रथम
बुलन्दशहर

## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0

### अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों से दो पृथक–पृथक भागों में ई–प्रणाली के माध्यम से ई–निविदा दिनांक 31.01.2022 को 13:00 बजे से पूर्व/तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं के प्रथम भाग को दिनांक 31.01.2022 को समय 16:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। उपरोक्त तिथि को किसी प्रकार का कोई अवकाश होने की स्थिति में निविदा आगामी कार्य दिवस पर पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा का द्वितीय भाग प्रपत्रों की जॉच उपरान्त खोला जायेगा। यदि निविदा में कोई भी संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई–टेन्डर पोर्टल http://www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध करायी जायेगी।

**ई–निविदा संख्या–115/वि0वि0मं0प्र0बु0/2021–22,** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–बुलन्दशहर के अन्तर्गत अनुरक्षण एवं मरम्मत योजना में क्षतिग्रस्त पोल/लाईनों की मरम्मत/बदलने संबंधी कार्य। धरोहर राशि रु0 2000.00 व निविदा शुल्क रु0 1000+GST 18% =1180.00

**ई–निविदा संख्या–116/वि0वि0मं0प्र0बु0/2021–22,** विद्युत वितरण खण्ड–खुर्जा के अन्र्तगत पूर्ण जमा योजना अन्तर्गत आवेदको के एल0टी0/एच0टी0 विद्युत पोलो/लाईनों का निर्माण करने संबंधी कार्य। धरोहर राशि रु0 21500.00 व निविदा शुल्क रु0 3000+GST 18% =3540.00

**ई–निविदा संख्या–117/वि0वि0मं0प्र0बु0/2021–22,** विद्युत वितरण खण्ड–खुर्जा के अन्र्तगत पूर्ण जमा योजना अन्तर्गत मै0 टी0एच0डी0सी0 इण्डिया लि0, के कार्य में बाधक अवशेष 33केवी ओवर हैड लाईन को अन्डरग्राउन्ड 33 केवी एक्स0एल0पी0ई0 केबिल द्वारा स्थानान्तरित करने संबंधी कार्य। धरोहर राशि रु0 6000.00 व निविदा शुल्क रु0 1000+GST 18% =1180.00

**ई–निविदा संख्या–118/वि0वि0मं0प्र0बु0/2021–22,** विद्युत वितरण खण्ड–खुर्जा के अन्र्तगत पूर्ण जमा योजना अन्तर्गत मै0 टी0एच0डी0सी0 इण्डिया लि0, के कार्य में बाधक अवशेष 33केवी लाईन निकट ग्राम रूकनपुर को स्थानान्तरित करने संबंधी कार्य। धरोहर राशि रु0 11500.00 व निविदा शुल्क रु0 3000+GST 18% =3540.00

**ई–निविदा संख्या–119/वि0वि0मं0प्र0बु0/2021–22,** विद्युत वितरण खण्ड–खुर्जा के अन्र्तगत पूर्ण जमा योजना अन्तर्गत निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदित मै0 एल0एण्डटी0 एम0एच0आई0 पावर बॉइलरस प्रा0लि0 हेतु 45कि0वा0 भार का संयोजन अवमुक्त करने संबंधी कार्य। धरोहर राशि रु0 3000.00 व निविदा शुल्क रु0 1000+GST 18% =1180.00

निविदा की अर्हता सम्बन्धी विस्तृत सूचना ई–टेन्डर पोर्टल **http://www.etender.up.nic.in** पर देखी/अपलोड एवं भरी जा सकेंगी।

**'राष्ट्रहित में बिजली बचायें।**

अधीक्षण अभियन्ता

अधिक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल प्रथम
बुलन्दशहर